मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3

# BSKS–186

## बी. ए. (ऑनर्स) संस्कृत

## (बी.ए.एस.के.एच.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.एस.के.एस.–186 : अभिनय और पटकथा लेखन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके अंक दिये गये हैं। हिंदी **अथवा** संस्कृत **अथवा** अंग्रेजी में से किसी एक भाषा में प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. नाट्यप्रयोक्ता गणों में से 'नट', 'कुशीलव' और 'भरत' के कार्यों, गुणों, एवं अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। 20

**अथवा**

"कुशला ये विदग्धाश्च प्रगल्भाश्च जितश्रमाः।

तेष्वयं नाट्यसंज्ञो हि वेदः संक्राम्यतां त्वया॥"

नाट्यशास्त्र के प्रस्तुत श्लोक को स्पष्ट कीजिए।

2. लोकधर्मी नाट्यपरम्परा की विशेषताओं एवं लोकधर्मी अभिनय के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

नाट्यधर्मी नाट्यपरम्परा की विशेषताओं पर एक लेख लिखिए।

3. संस्कृत नाट्यशास्त्र की परम्परा में 'नटी' का विस्तार से वर्णन कीजिए। 10

**अथवा**

'सूत्रधार' के गुणों, कार्यों एवं रंगमंच पर उसकी अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

4. नायकों की विशिष्ट श्रेणियों का परिचय देते हुए युव (राजा), सचिव और प्राङ्विवाक का वर्णन कीजिए। 10

**अथवा**

नारी पात्रों की उत्तम, मध्यम और अधम प्रकृतियों का वर्णन कीजिए।

5. आहार्य अभिनय का विवेचन कीजिए। 10

**अथवा**

आङ्गिक अभिनय का विवेचन कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 

5×6=30

(क) आरम्भ

(ख) नियताप्ति

(ग) फलागम

(घ) पताका

(ङ) कार्य

(च) प्रवेशक

(छ) चूलिका

(ज) अंकावतार

× × × × ×